# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–21 जनवरी 2025 सान्ध्य समाचार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रयागराज महाकुंभ नगर में कल कैबिनेट की बैठक करेंगे। अरैल घाट के त्रिवेणी शंकुल में दोपहर बारह बजे से होने वाली इस बैठक में प्रदेश सरकार के चौवन मंत्रियों को बुलाया गया है। बैठक में कई परियोजनाओं और प्रस्तावों को मंजूरी दी जाएगी। बैठक के बाद मुख्यमंत्री पूरे मंत्रिमंडल के साथ पवित्र संगम में स्नान करेंगे।

**********

वाराणसी कैंट रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए चिकित्सा सेवा शुरू की गई है। इस सेवा की शुरूआत में महाकुंभ दृष्टिगत की गई है। इससे तबीयत खराब होने पर यात्रियों को चिकित्सा सेवा का लाभ स्टेशन पर ही मिल जाएगा। संवाददाताओं से बातचीत करते हुए वाराणसी कैंट स्टेशन के निदेशक अर्पित गुप्ता ने बताया कि यह सेवा केंद्र यात्रियों की सुविधा के लिए पूरे चौबीस घंटे उपलब्ध रहेगा।

***हमने यहा पर वाराणसी स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया मे इमर्जेन्सी मेडिकल रूम के साथ–साथ हमने अपनी फॉर्मेसी शुरू की है यह फॉर्मेसी का जो लाइसेंस है ये डिस्ट्रिक एड्‌मिस्ट्रेशन से हमने एप्रुव करवाया और आज इसक को हमने शुरू किया है। 24 बाई सेवन यहां पर दवाइयां मिलेंगी जो एमआरपी से 25 से 30 परसेंट कम रेट पर मिलेंगी।***

**********

रेलवे द्वारा महाकुंभ के श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आज करीब तीन दर्जन विशेष ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। इन सभी ट्रेनों का विवरण रेल मंत्रालय के सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर मौजूद है। पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि दस महाकुंभ् मेला विशेष रेलगाड़ियां आज पूर्वोत्तर रेलवे के विभिन्न स्टेशनों से होकर गुजर रही हैं।

**********

प्रयागराज महाकुंभ नगर में त्रिवेणी मार्ग स्थित संविधान गैलरी लोगों को आकर्षित कर रही है। एक रिपोर्ट–

**संविधान गैलरी की प्रदर्शनी में ऐतिहासिक विवरण, प्रमुख दस्तावेज और भारतीय संविधान के निर्माताओं के योगदान को बखूबी दर्शाया गया है। संविधान सभा की चर्चाओं को ऑडियो के माध्यम से भी प्रस्तुत किया गया है, जिससे आगंतुकों को संविधान के विकास के बारे में गहरी जानकारी मिलती है। वहीं, डिजिटल गैलरी संविधान की यात्रा को जीवंत बनाती है। जब आगंतुक स्क्रीन को छूते हैं, तो संविधान के पन्ने खुल जाते हैं और संवाददाता ग्रुप से संविधान के प्रारूपण, कार्यान्वयन से संबंधित ऐतिहासिक क्षणों की जानकारी मिलती है। डिजिटल स्क्रीन पर एक टाइमलाइन के जरिए दर्शकों को संविधान के इतिहास से जुड़े साल दर साल प्रमुख जानकारियों को तलाशने की भी सुविधा है। प्रवेश द्वार पर एक टच–स्क्रीन सेल्फी पॉइंट आगंतुकों को भी आकर्षित कर रही है। जहां वह केवल एक टैप से राष्ट्रीय प्रतीक, अशोक स्तंभ के साथ तस्वीरें ले सकते हैं। आनंद कुमार, आकाशवाणी समाचार, प्रयागराज।**

**********

अयोध्या में चल रही श्रीराम मंदिर निर्माण समिति की बैठक के दूसरे दिन आज श्रमिकों की कमी की वजह से निर्माण कार्य में हो रही देरी की चर्चा हुई। समिति ने निर्णय लिया कि कार्य में तेजी लाने के लिए श्रमिकों की संख्या बढ़ाई जाएगी। श्रीराममंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि मंदिर के भूतल, प्रथम तल और द्वितीय तल के सभी कार्य मार्च तक पूरे कर लिए जाएंगे तथा प्रथम तल पर राम दरबार की प्रतिष्ठा की जाएगी।

**********

राष्ट्रपति भवन का अमृत उद्यान दो फरवरी से तीस मार्च तक आम जनता के लिए खुला रहेगा। लोग सोमवार को छोड़कर सप्ताह में छह दिन सुबह दस बजे से शाम छह बजे तक उद्यान का दौरा कर सकते हैं। इसके लिए राष्ट्रपति भवन की वेबसाइट से बुकिंग की जा सकती है और उद्यान में बुकिंग और प्रवेश निःशुल्क है।

**********

गोरखनाथ मंदिर में आज बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने बुढ़वा मंगल पर बाबा गोरखनाथ को खिचड़ी चढ़ाई। मकर संक्रांति के बाद पड़ने वाले दूसरे मंगलवार को बुढ़वा मंगलवार के तौर पर जाना जाता है। इस दिन गोरखनाथ मंदिर में खिचड़ी चढ़ाने की पुरानी परम्परा रही है। आज वहां खिचड़ी चढ़ाने पहुंचे श्रद्धालुओं ने एक माह तक चलने वाले गोरखनाथ के प्रसिद्ध खिचड़ी मेले का भी आनंद लिया।

**********

प्रदेश के सभी पूर्वी जिलों में आसमान में बादलों के छाए रहने और कोहरा पड़ने के चलते ठंड बढ़ गई है। तापमान में गिरावट के कारण जनजीवन प्रभावित हो गया है। कोहरे के चलते हवाई, रेल और सड़क यातायात पर भी असर पड़ा है। कई ट्रेनों के विलम्ब से चलने के कारण यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ठंड बढ़ने के कारण कई जिलों में जिला प्रशासन ने स्कूलों के छुट्टी का आदेश जारी किया है। मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार ठंड बढ़ने का कारण पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता है। यह वायुमंडलीय परिस्थितियां अभी भी बनी हुई हैं, जिससे अगले दो तीन दिन तक कड़ाके की ठंड और कोहरा पड़ने का सिलसिला जारी रहेगा।

**********